उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या:45/2015/863/छप्पन-15-94/2013-टी0सी0
लखनऊ : दिनांक : 23 जून, 2015
कार्यालय-ज्ञाप

राजकीय उड़ान प्रतिबद्वताओं की पूर्ति के लिए एक नया वायुयान King Air 250 (मॉडल B200 GT) निर्माता कम्पनी बीचक्राफ्ट, टेक्सट्रान एवियेशन, यू0एस0ए0 से क्रय किये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। निर्माता कम्पनी के साथ हुये अनुबन्ध के प्रस्तर-4-सी-1 के अनुसार अनुबन्ध निष्पादन के एक माह के अन्दर वायुयान के कुल मूल्य के 30 प्रतिशत का अग्रिम भुगतान कर दिया गया है। अनुबन्ध के प्रस्तर-4-सी-4 के अनुसार वायुयान के कुल मूल्य की 60 प्रतिशत धनराशि के भुगतान के समय वायुयान का Technical Acceptance निर्धारित है। वायुयान के Technical Acceptance की कार्यवाही दिनांक 30.7.2015 से 08.8.2015 के मध्य सम्भावित है। उक्त अवधि के अन्तर्गत निर्माता कम्पनी " बीचक्राफ्ट, टेक्सट्रान एवियेशन " की विचिटा, कन्सास, यू0एस0ए0 स्थित फैक्ट्री में जाकर वायुयान के Technical Acceptance हेतु श्री राज्यपाल निम्नवत् एक उच्च स्तरीय दल का गठन करते हैं :-

(1) प्रमुख सचिव, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 शासन/महानिदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 अध्यक्ष
(2) निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ सदस्य/संयोजक
(3) कै0 पंकज सिंह, पायलट, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 सदस्य
(4) श्री हरजीत सिंह, वायुयान अनुरक्षण अभियंता, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 सदस्य

2- उक्त उच्च स्तरीय दल के द्वारा निर्धारित अवधि दिनांक 30.7.2015 से 08.8.2015 के मध्य निर्माता कम्पनी " बीचक्राफ्ट, टेक्सट्रान एवियेशन " की विचिटा, कन्सास, यू0एस0ए0 स्थित फैक्ट्री में जाकर वायुयान के Technical Acceptance से पूर्व अनुबन्ध की शर्तों एवं विशिष्टयों के अनुसार वायुयान की गुणवत्ता आदि सुनिश्चित करते हुए Technical Acceptance हेतु अपेक्षित कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी।

3- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 द्वारा वायुयान की Technical Acceptance से सम्बन्धित कार्यवाही सम्पन्न कराये जाने हेतु उक्तानुसार गठित दल के सदस्यों की विदेश यात्रा आदि से सम्बन्धित आवश्यक औपचारिकताएं और अन्य आनुषंगिक कार्यवाही यथा-आवश्यकता शासन का अनुमोदन प्राप्त करते हुए सम्पादित करायी जायेगी।

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

संख्या:45/2015/863(1)/छप्पन-2015-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रमुख सचिव, नियुक्ति अनुभाग-1
2. प्रमुख सचिव/सचिव, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 शासन के निजी सचिव को प्रमुख सचिव/सचिव के सूचनार्थ।
3. महानिदेशक/निदेशक, नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0।
4. कै0 पंकज सिंह, पायलट, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0।
5. श्री हरजीत सिंह, वायुयान अनुरक्षण अभियंता, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कृष्ण चन्द्र राय शर्मा)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in